पाठ 7. राजा और गिलहरी

पाठ का उद्देश्य

प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य एक गिलहरी के माध्यम से बच्चों को घमंड न करने की सीख देना है। यह कहानी बोध कराती है कि कोई प्राणी छोटा नहीं होता तथा कोई प्राणी बड़ा नहीं होता, सभी अपनी-अपनी जगह श्रेष्ठ हैं। यदि यह सोच रखी जाए तो घमंड, असमानता आदि के भाव स्वत: ही नष्ट हो जाएँगे। यह कहानी इसी उद्देश्य की पूर्ति करती है।

पाठ का सारांश

एक नगर का राजा बहुत घमंडी था। वह अपने सामने किसी को कुछ न समझता था। एक दिन गिलहरी ने राजा की घमंड से भरी बातें सुनीं। गिलहरी ने मन ही मन राजा का घमंड तोड़ने का निश्चय किया। वह जान-बूझकर राजा को चिढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिदिन उसे तंग करने लगी। गिलहरी की बातें सुन राजा को बहुत क्रोध आता पर वह उसका कुछ न बिगाड़ सका।
राजा गिलहरी के उलाहनों और कटाक्ष से तंग आ गया था। एक दिन उसने मंत्री से गिलहरी से पीछा छुड़ाने का कोई उपाय पूछा। मंत्री ने राजा को समझाया कि गिलहरी बार-बार आपको उकसा रही है। यदि आप उसकी बात पर कोई ध्यान ही न दें तो वह फिर नहीं आएगी। गिलहरी अगले दिन फिर आई और गाने लगी। पर इस बार राजा ने गिलहरी की बात पर क्रोध नहीं किया। वह धीरे-धीरे मुसकराता रहा। यह देख गिलहरी समझ गई कि अब राजा का घमंड टूट चुका है। वह समझ गया है कि कोई किसी से कमज़ोर अथवा कोई किसी से श्रेष्ठ नहीं है। गिलहरी मुसकराते हुए वहाँ से चली गई।

अध्यापन संकेत

पाठ पढ़ाने से पूर्व पाठ की पृष्ठभूमि तैयार करें। बच्चों से गिलहरी के बारे में चर्चा करें। उनसे पूछें, तुमने अपने घर की छतों पर गिलहरी को देखा होगा। तुमने उनके कुछ नाम भी रखे होंगे, जैसे–गिल्लू गिलहरी, कुटकुट गिलहरी आदि। बच्चों से कहें कि आज हम जो पाठ पढ़ने वाले हैं, उसमें भी एक गिलहरी है। पाठ का वाचन करें। बच्चों से भी पाठ का वाचन करने को कहें। पाठ पढ़ाते समय बीच में आने वाले कठिन शब्दों के अर्थ बताते जाएँ। बच्चों का ध्यान पाठ की ओर सुनिश्चित करने के लिए बीच-बीच में पाठ के घटनाक्रम के बारे में चर्चा भी करते जाएँ। बच्चों से पूछिए तथा उन्हें समझाइए–

- बच्चों से पूछें कि गिलहरी को क्या खाना सबसे अच्छा लगता है। गिलहरी अखरोट तथा मूँगफली बहुत चाव से खाती है।
- उन्हें समझाएँ कि विद्यालय में या बाहर किसी को चिढ़ाना नहीं चाहिए।
- बच्चों को समझाएँ कि काम करने वाले शब्द क्रिया कहलाते हैं। जैसे–खाना, भागना, उठना, चलना आदि। प्रतिदिन किए जाने वाले कामों के उदाहरणों के माध्यम से भी समझाया जा सकता है।

डिजीडिस्क (DigiDisc) के माध्यम से पाठ की ई-बुक विद्यार्थियों को दिखाकर पाठ के प्रत्येक अंग का स्पष्टीकरण कीजिए। गतिविधियों की दुनिया से परिचय भी कराइए।